# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण),

मकान नं०-1 व 2, निकट महिला आई०टी०आई० कालेज के सामने, गोरा बाजार, रायबरेली-229001
E-mail :- ee_kk_upjn.ra1@yahoo.com


डाउनलोड जल सारथी ऐप

पत्रांक : 2602 / M-20 / 99 दिनांक 25/7/2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
लखनऊ।

विषय :- **ई–समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली, दिनांक 25.07.2026 के पेपर में प्रकाशित "सामने से आ रहे वाहन को पास देते समय हुआ हादसा, लोगो की भीड़ जमा" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक ई–समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली, दिनांक 25.07.2026 के पेपर में प्रकाशित "सामने से आ रहे वाहन को पास देते समय हुआ हादसा, लोगो की भीड़ जमा" शीर्षक का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जिसकी आख्या निम्नवत् है:–

| प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|
| रायबरेली के डीह थाना क्षेत्र के नगर पंचायत परशदेपुर में शनिवार सुबह जल जीवन मिशन के तहत खोदी गई नाली एक बार फिर दुर्घटना का कारण बन गई। सलोन–जायस मार्ग पर एक ट्रक सामने से आ रहे दूसरे वाहन को रास्ता देते समय सड़क किनारे बनी गहरी नाली में फंस गया। यह ट्रक मध्य प्रदेश से व्हाइट सीमेंट लेकर रायबरेली जनपद के नसीराबाद थाना क्षेत्र की ओर जा रहा था। नाली में धंसने के कारण ट्रक का एक हिस्सा पूरी तरह तिरछा हो गया, जिससे उसके पलटने का खतरा पैदा हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत लकड़ी की बल्लियों का उपयोग कर ट्रक को सहारा दिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान मार्ग पर काफी देर तक आवागमन बाधित रहा। | उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि ई–समाचार पत्र में प्रकाशित यह समाचार कि नगर पंचायत परशदेपुर क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अंतर्गत खोदी गई नाली का कार्य कराया जा रहा है, तथ्यात्मक रूप से गलत एवं भ्रामक है। स्पष्ट किया जाता है कि नगर पंचायत परशदेपुर क्षेत्र में जल जीवन मिशन द्वारा कोई कार्य नही कराया जा रहा है एवं उक्त नगर पंचायत में कार्य सम्बन्धित उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), रायबरेली द्वारा कराए जा रहे है।<br>अतः प्रकाशित समाचार का खंडन किया जाता है। |

संलग्नक–पेपर कटिंग

भवदीय

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपराक्तानुसार।

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेशित।**

1. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता

## परसदेपुर में जल जीवन मिशन की नाली में फंसा ट्रक: सामने से आ रहे वाहन को पास देते समय हुआ हादसा, लोगों की भीड़ जमा

रिंकू मिश्रा| परसदेपुर (सलोन), रायबरेली 1 घंटे पहले



वाहन को पास देते समय हुआ हादसा।

रायबरेली के डीह थाना क्षेत्र के नगर पंचायत परशदेपुर में शनिवार सुबह जल जीवन मिशन के तहत खोदी गई नाली एक बार फिर दुर्घटना का कारण बन गई।

सलोन-जायस मार्ग पर एक ट्रक सामने से आ रहे दूसरे वाहन को रास्ता देते समय सड़क किनारे बनी गहरी नाली में फंस गया। यह ट्रक मध्य प्रदेश से व्हाइट सीमेंट लेकर रायबरेली जनपद के नसीराबाद थाना क्षेत्र की ओर जा रहा था।

नाली में धंसने के कारण ट्रक का एक हिस्सा पूरी तरह तिरछा हो गया, जिससे उसके पलटने का खतरा पैदा हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत लकड़ी की बल्लियों का उपयोग कर ट्रक को सहारा दिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान मार्ग पर काफी देर तक आवागमन बाधित रहा।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत सड़क किनारे खोदी गई नालियों और गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द मरम्मत कार्य कराकर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने की मांग की है